दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 2:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि भारत, फिल्म निर्माण, डिजिटल विषय–सामग्री, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कन्सर्ट के लिए वैश्विक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स नये आर्थिक अवसर सृजित करेगा।

———————————————————

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने विश्व श्रमिक दिवस पर देश के सभी कामगारों को बधाई दी है। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने के लिये दिन–रात परिश्रम करने वाले श्रमिक लोगों का जीवन सुगम बना रहे हैं तथा अपने कठिन श्रम और समर्पण से अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिक भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है।

———————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। उद्घाटन समारोह पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार मई को इस समारोह का उद्घाटन करेंगे। इधर, खेलो इंडिया की मशाल गौरव यात्रा राज्य भर के अलग–अलग जिलों का सफर तय करते हुए पटना पहुंच गई है। कल इस गौरव मशाल यात्रा की समाप्ति होगी। आज और कल पटना जिले के अलग–अलग हिस्सों में खेलो के शुभंकर गजसिंह के नेतृत्व में यात्रा निकाली जाएगी।

———————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जातिगत जनगणना बहुत ही जरूरी थी और यह समय की मांग थी। श्री पासवान आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सही फैसला किया है।

———————————————————

गौरतलब है कि सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना भी कराने का फैसला किया है। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से कहा कि कुछ राज्यों ने जातिगत सर्वेक्षण समुचित रूप से कराया, लेकिन कुछ अन्य राज्यों ने इसे राजनीतिक मंशा से और गैर–पारदर्शी ढंग से कराया है।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज सुबह पटना सहित आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया, नालंदा, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर सहित कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेखपुरा, सीवान, वैशाली और पश्चिम चंपारण जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इस दौरान लोगों को सचेत रहने और सतकर्ता बरतने की सलाह दी है। इधर, बेमौसम बारिश के कारण गेहूँ की फसलों को नुकसान हुआ है। आम और लीची की फसलों को भी काफी नुकसान होने की खबर है।

———————————————————

आज रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस है। पहली मई अठारह सौ सत्तावन को स्वामी विवेकानंद ने उत्तर कोलकाता में ठाकुर रामकृष्ण के अनुयायी बलराम बसु के घर में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। मिशन का उद्देश्य ठाकुर रामकृष्ण के आदर्शों का प्रचार करना था।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।